**कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित**

**880, सिविल लाईन्स, मुख्यालय रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/स्था.वि./ 388 /2017 रायपुर, दिनांक 26 .07.2017

## :: आदेश ::

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या., में उपप्रबंधक के पदों पर सीधी भर्ती हेतु दिनांक 29.01.2017 को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल से प्राप्त प्राविण्य सूची के आधार पर छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या., रायपुर द्वारा उपप्रबंधकों के पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 22.05.2017 को अभ्यर्थियों की कांउसिलिंग आयोजित किया गया। व्यावसायिक परीक्षा मण्डल से प्राप्त प्राविण्य सूची एवं अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की कांउसिलिंग के आधार पर उपप्रबंधक पद के अभ्यर्थियों की अंतरिम चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची दिनांक 05.06.2017 को विपणन संघ के वेबसाईट में जारी करते हुए 07 दिवस के भीतर दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया। प्राप्त आपत्तियों के निराकरण पश्चात् चयनित निम्नांकित उम्मीदवारों को वेतनमान रूपये 15,600–39,100+ग्रेड वेतन 5,400/– प्रतिमाह एवं विपणन संघ द्वारा समय–समय पर स्वीकृत महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ता पर अस्थाई रूप से नियुक्त किया जाता है।

| क्र. | अभ्यर्थी का नाम | पिता का नाम | श्रेणी | चयन का वर्ग | निवास पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | श्री सौरभ भारद्वाज | श्री बी.एस.भारद्वाज | अनारक्षित | अनारक्षित | Zen-20, गणपति विहार बोरसी भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन. न. 491001 |
| 2. | श्री सौरभ कुमार चौबे | श्री विद्या सागर चौबे | अनारक्षित | अनारक्षित | मकान नं.–08, सहानी लेन, शांति नगर रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) पिन. न. 492001 |
| 3. | कु. जान्हवी जिल्हारे | श्री किशोर जिल्हारे | अनारक्षित (महिला) | अनारक्षित (महिला) | एम 90–बी, यदुनंदन नगर तिफरा बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) पिन. न. 495001 |
| 4. | कु. शोभना तिवारी | श्री धमेन्द्र कुमार तिवारी | अनारक्षित (महिला) | अनारक्षित (महिला) | सी.–29 विजयापुरम कॉलोनी फेस–1 सिपत रोड, एस.ई.सी. एल बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) पिन न. 495006 |
| 5. | श्री संतोष कुमार पाठक | श्री नंदजी पाठक | अनारक्षित (सैनिक) | अनारक्षित (सैनिक) | एफ–3, फेस–3 रिद्धी सिद्धी कॉलोनी कौरिनभाठा राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) पिन. न. 491441 |
| 6. | श्री सुनील सिंह राजपूत | श्री ठाकुर सिंह | अनारक्षित (विकलांग) | अनारक्षित (विकलांग) | ग्राम–विचारपुर, नहरपारा लोरमी सुकली, जिला मुंगेली (छ.ग.) पि. न. 495115 |
| 7. | श्री आशुतोष कुमार | श्री योगेश्वर कुमार | अ.पि.वर्ग | अ.पि.वर्ग | ग्राम–खर्रा कुसमी बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.) पिन. न. 491332 |
| 8. | कु. सपना कश्यप | श्री रामआसरे कश्यप | अ.पि.वर्ग (महिला) | अ.पि.वर्ग (महिला) | 46/41 कश्यप मोहल्ला, चिंगराज पारा एस.ई.सी.एल. बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) पिन. न. 495001 |

क्रमशः.....................2

| क. | अभ्यर्थी का नाम | पिता का नाम | श्रेणी | चयन का वर्ग | निवास पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 9. | श्री जसवीर सिंह बघेल | श्री धरमवीर सिंह बघेल | अ.जा. | अ.जा. | फ्रेन्डस नगर, टिविन्कल किड्स स्कूल के पास मोवा रायपुर सड्डू जिला – रायपुर (छ.ग.) पिन. न. 492014 |
| 10. | कु. अर्पिता मेश्राम | श्री अशोक कुमार मेश्राम | अ.जा. (महिला) | अ.जा. (महिला) | 223–बी, मैत्री विहार सुपेला दाऊबाड़ा तालाब के पास भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन. न. 490023 |
| 11. | श्री सौरभ सिंह ठाकुर | श्रीमति श्रद्धा ठाकुर | अ.ज.जा. | अ.ज.जा. | मकान न.–201/2 रेल्वे इंजिनियरिंग कॉलोनी, खारून रेल विहार, फाफाडीह चौक रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) पिन न. 492009 |
| 12. | श्री प्रवीण पैंकरा | श्री एम.एस.पैंकरा | अ.ज.जा. | अ.ज.जा. | 960/78 केलो विहार ऑफिस के पास, केलो विहार कॉलोनी रायगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) पिन. न. 496001 |
| 13. | श्री चंद्रेश्वर सिंह पैंकरा | श्री धरमसिंह पैंकरा | अ.ज.जा. | अ.ज.जा. | 32, स्कूल टिकरा ग्राम दुगरा तह. पेण्ड्रारोड जोगीसार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ. ग.) पिन. न. 495117 |
| 14. | श्री अमरदीप टोप्पो | श्री बिलाक्यूस टोप्पो | अ.ज.जा. | अ.ज.जा. | House No. B-32 Nature City Phase-2 Post Office - Sakri, Sakri Road Bilaspur Disst. Bilaspur (C.G.) Pin No. 495001 |
| 15. | कु. निधि नेताम | श्री वी.एन.नेताम | अ.ज.जा. (महिला) | अ.ज.जा. (महिला) | ई.डब्ल्यू.एस.–265 वैशाली नगर भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन. न. 490023 |

चयनित उम्मीदवार दिनांक 10.08.2017 दिन गुरूवार तक विपणन संघ के मुख्यालय 880 सिविल लाईन्स रायपुर में प्रातः 11.00 बजे उपस्थित होकर उपस्थिति प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। उपरोक्त नियुक्तियां निम्न प्रतिबंधों के आधार पर की जाती है –

(1.) उम्मीदवार की सेवाएं, संघ के कर्मचारी सेवानियम अनुसार शासित होगी।

(2.) ये नियुक्तियां प्रथमतः दो वर्ष की परिवीक्षा पर रहेगी। परीवीक्षा में कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उनकी सेवाएं बिना कारण बताए समाप्त की जा सकती है।

(3.) शारीरिक रूप से स्वस्थ होने संबंधी जिले के सिविल सर्जन का मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। उक्त प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही उन्हें कार्य पर उपस्थित कराया जा सकेगा। चिकित्सा प्रमाण पत्र में अनुपयुक्त पाए जाने पर नियुक्ति निरस्त की जावेगी।

क्रमशः.....................3

(4.) उम्मीदवार को कार्य पर उपस्थिति के समय निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र जिसमें जन्मतिथि का भी उल्लेख हो, छत्तीसगढ़ निवासी प्रमाण पत्र, समक्ष प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र, स्थायी विकलांग प्रमाण पत्र, भुतपूर्व सैनिक संबंधी प्रमाण पत्र, उच्चत्तर आयु में छूट प्रमाण पत्र आदि की स्वसत्यापित छायाप्रति एवं उक्त उम्मीदवारों के अन्यत्र कार्यरत् होने की स्थिति में संबंधित विभाग से प्राप्त कार्यमुक्ति आदेश उपस्थिति प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा।

(5.) कांउसिलिंग प्रतिवेदन दिनांक 22.05.2017 में अस्पष्ट दर्शाए गए अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र संबंधित विभाग से प्रमाणित/स्पष्टीकरण के लिए भेजे गये है। अतः इन्हें इस शर्त पर नियुक्ति प्रदान की जा रही है कि यदि संबंधित विभाग से कोई विपरीत टीप प्राप्त होती है तो उनकी नियुक्तियां निरस्त की जा सकेगी। इस संबंध में संबंधित अभ्यर्थी को शपथ पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

(6.) सेवा के संबंध में कम से कम तीन वर्ष अनिवार्यतः सेवा में रहने संबंधी रूपये 50,000.00 (पचास हजार रू.) का बांड भरना आवश्यक होगा। बांड का प्रारूप संलग्न है जिसे रूपये 50.00 (पचास रू.) के नान ज्यूडिशियल स्टांप में अंकित कराकर नोटरी से सत्यापित कराकर जमा करना अनिवार्य होगा।

(7.) उम्मीदवार द्वारा दी गई जानकारी किसी भी समय किसी भी स्तर पर गलत पायी जाती है तो उनकी सेवाए बिना कोई सूचना दिये अविलंब समाप्त की जा सकेगी। तथा उनके विरूद्ध वैद्यानिक कार्यवाही की जावेगी।

(8.) संघ द्वारा प्रत्येक चयनित उम्मीदवार का चरित्र संबंधी पुलिस सत्यापन कराया जावेगा, सत्यापन में विपरीत टीप पाए जाने पर बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा से पृथक कर दिया जावेगा।

(9.) यह नियुक्तियां माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी।

(10.) विकलांग संवर्ग में विकलांग उम्मीदवारों का चयन शासन के नियमानुसार 40 प्रतिशत् एवं 40 प्रतिशत् से अधिक स्थायी विकलांगता के संबंध में उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया।

संलग्न :— उपरोक्तानुसार

25/07/17

(अन्बलगन पी.)
प्रबंध संचालक

क्रमश :..................4

पृ. कमांक / स्था.वि. / 388 / 2017 रायपुर, दिनांक 26.07.2017

प्रतिलिपि :–

1. माननीय अध्यक्ष छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या., रायपुर के निज सहायक को अध्यक्ष महोदय के ध्यानार्थ।
2. पंजीयक सहकारी संस्थाए, रायपुर को सूचनार्थ।
3. महाप्रबंधक (समस्त), मुख्यालय रायपुर को सूचनार्थ।
4. मुख्यलेखाधिकारी मुख्यालय रायपुर को सूचनार्थ।
5. कक्ष प्रभारी (स्थापना / राईस मिलें / अन्य प्रकिया / भंडारण / विपणन), मुख्यालय रायपुर को सूचनार्थ।
6. श्री ............................................................................................................ ........................................................ को सूचनार्थ एवं आदेश पालनार्थ।
7. लेखाधिकारी / वेतन देयक / भविष्य निधि / मुख्यालय रायपुर को सूचनार्थ।
8. व्यक्तिगत नस्ति हेतु।

25/07/17

प्रबंध संचालक
(विपणन संघ)